दिनांक 13.03.2025
प्रेस विज्ञप्ति 23/2025

मुख्यालय पुलिस महानिदेशक, उत्तर प्रदेश।

कमिश्नरेट वाराणसी/थाना चितईपुर

- **02 अभियुक्त गिरफ्तार**
- **लगभग 01 करोड़ 50 लाख रूपये कीमत के चोरी के पीली–सफेद धातु के आभूषण बरामद**

दिनॉकः 13.03.2025 को थाना चितईपुर व क्राइम ब्रान्च की संयुक्त पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर चितईपुर करौंदी चौराहा से 02 अभियुक्तों 1–मो0 मुमताज 2–सूरज कुमार को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों के कब्जे/निशादेही से लगभग 01 करोड़ 50 लाख रूपये कीमत के चोरी के पीली–सफेद धातु के आभूषण बरामद हुये।

उल्लेखनीय है कि दिनॉकः 05.03.2025 को थाना चितईपुर क्षेत्रान्तर्गत चोरों द्वारा चोरी की घटना कारित की गयी थी, जिसके सम्बन्ध में थाना चितईपुर पर अभियोग पंजीकृत कर अभियुक्तों की गिरफ्तारी व माल की बरामदगी के प्रयास किये जा रहे थे। गिरफ्तार अभियुक्तों से बरामद आभूषण उक्त चोरी की घटना से सम्बन्धित हैं।

इस सम्बन्ध में थाना चितईपुर पुलिस द्वारा विधिक कार्यवाही की जा रही है।

गिरफ्तार अभियुक्त

1–मो0 मुमताज निवासी लक्ष्मीपुरा धैशाबाद थाना कैण्ट, वाराणसी।

2–सूरज कुमार निवासी नवाबगंज दुर्गाकुण्ड थाना भेलूपुर, वाराणसी।

बरामदगी

1–लगभग 01 करोड़ 50 लाख रूपये कीमत के चोरी के पीली–सफेद धातु के आभूषण।

जनपद जालौन/थाना कोतवाली जालौन

- **05 अभियुक्त गिरफ्तार**
- **चोरी की घटना का अनावरण**
- **चोरी की 04 कुन्तल 26 किलो 460 ग्राम बिजली के तार**
- **01 कार**
- **02 अवैध तमंचा 315 बोर मय जीवित कारतूस आदि बरामद**

दिनॉकः 13.03.2025 को थाना कोतवाली जालौन पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर ग्राम हथेरी ओबर ब्रिज के पास से 05 अभियुक्तों 1—राहुल 2—जितेन्द्र 3—भारत 4—विशाल कुमाार उर्फ बाबा 5—समय को गिरफ्तार कर चोरी की घटना का अनावरण किया गया । गिरफ्तार अभियुक्तों के कब्जे/निशादेही से चोरी की 04 कुन्तल 26 किलो 460 ग्राम बिजली के तार, 01 कार, 02 अवैध तमंचा 315 बोर मय जीवित कारतूस आदि बरामद हुये।

उल्लेखनीय है कि थाना कोतवाली जालौन क्षेत्रान्तर्गत अज्ञात चोरों द्वारा बिजली के खम्भों से तार चोरी की घटना कारित की गयी थी, जिसके सम्बन्ध में थाना कोतवाली जालौन पर अभियोग पंजीकृत कर घटना के अनावरण के प्रयास किये जा रहे थे। गिरफ्तार अभियुक्तों से बरामद तार चोरी की घटना से सम्बन्धित हैं।

इस सम्बन्ध में थाना कोतवाली जालौन पुलिस द्वारा अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

गिरफ्तार अभियुक्त

1—राहुल निवासी लहार थाना लहार जनपद भिण्ड, म0प्र0।

2—जितेन्द्र निवासी मोहल्ला जनकपुरा कस्बा लहार थाना लहार जनपद भिण्ड, म0प्र0।

3—भारत निवासी मो0 बिजलीघर कस्बा व थाना , जनपद भिण्ड, म0प्र0।

4—विशाल कुमाार उर्फ बाबा निवासी ग्राम अखदेवा थाना रावतपुरा जनपद भिण्ड, म0प्र0।

5—समय निवासी मोहल्ला रावतपुरा कस्बा व थाना लहार जनपद भिण्ड, म0प्र0।

बरामदगी

1—चोरी की 04 कुन्तल 26 किलो 460 ग्राम बिजली के तार।

2—01 कार ।

3—02 अवैध तमंचा 315 बोर मय जीवित कारतूस आदि।

कमिश्नरेट गाजियाबाद/थाना ट्रोनिका सिटी

- **02 अभियुक्त गिरफ्तार**
- **चोरी की 08 दो पहिया वाहन आदि बरामद**

दिनांक 13.03.2025 को थाना ट्रोनिका सिटी पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर पुस्ता रोड पर चेकिंग के दौरान 02 अभियुक्तों 1—अजय उर्फ रोचक 2—चाहुल को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों के कब्जे/निशादेही से चोरी की 08 दो पहिया वाहन आदि बरामद हुए।

उल्लेखनीय है कि गिरफ्तार अभियुक्त शातिर किस्म के अपराधी हैं, जिनके विरूद्ध कमिश्नरेट गाजियाबाद के विभिन्न थानो में वाहन चोरी आदि के 07—07 अभियोग पंजीकृत है।

इस सम्बन्ध में थाना ट्रोनिका सिटी पुलिस द्वारा विधिक कार्यवाही की जा रही है।

गिरफ्तार अभियुक्त

1—अजय उर्फ रोचक निवासी मुखर्जी नगर दिल्ली।

2—चाहुल निवासी इन्दिरा विकास कॉलोनी मुखर्जी नगर दिल्ली।

बरामदगी

1—चोरी की 08 दो पहिया वाहन आदि।

जनपद हाथरस/थाना मुरसान

- **05 अभियुक्त गिरफ्तार**
- **चोरी की 05 मोटर साइकिल बरामद**

दिनॉकः 12.03.2025 को थाना मुरसान व काइम ब्रान्च की संयुक्त पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर करवन नदी के किनारे बनी शमशान भूमि की दो कोठरी के पास से 05 अभियुक्तों 1–लव 2–प्रिन्स 3–सनी 4–रिकू 5–अजय कुमार को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों के कब्जे/निशादेही से चोरी की 05 मोटर साइकिल बरामद हुये।

इस सम्बन्ध में थाना मुरसान पुलिस द्वारा अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

गिरफ्तार अभियुक्त

1–लव निवासी ग्राम माकरोल थाना इगलास जनपद अलीगढ़।

2–प्रिन्स निवासी ग्राम माकरोल थाना इगलास जनपद अलीगढ़।

3–सनी निवासी ग्राम माकरोल थाना इगलास जनपद अलीगढ़।

4–रिकू निवासी पटपर नंगला थाना खैर जनपद अलीगढ़।

5–अजय कुमार निवासी पटपर नंगला थाना खैर जनपद अलीगढ़।

बरामदगी

1–चोरी की 05 मोटर साइकिल।

जनपद शाहजहॉपुर/थाना बण्डा

- **01 अभियुक्त गिरफ्तार**
- **400 ग्राम अवैध अफीम बरामद**

दिनॉकः 13.03.2025 को थाना बण्डा पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर अजोधापुर मोड़ से अभियुक्त मदनलाल को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त के कब्जे से 400 ग्राम अवैध अफीम बरामद हुये।

इस सम्बन्ध में थाना बण्डा पुलिस द्वारा अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

गिरफ्तार अभियुक्त

1—मदनलाल निवासी ग्राम नवादा महेश थाना बरखेडा जनपद पीलीभीत।

बरामदगी

1—400 ग्राम अवैध अफीम।

———–––